## INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| ANNUAL EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VI | SUBJECT- HINDI (3rd Lang.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 14.03.24 | SET: ONE | Time: 2.30 hours |

***General Instructions:***

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **14** questions divided into --- 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of **5** printed pages.*

### Section - A (Reading Comprehension)

प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5

एक शेर को बहुत भूख लगी थी। वह खाने की तलाश में कई दिनों से जंगल में भटक रहा था पर उसे शिकार उसे नहीं मिल रहा था। एक दिन उसे एक छोटा-सा खरगोश दिखा। खरगोश को देखते ही शेर उस पर टूट पड़ा और उसे पकड़ लिया।

शेर सोचने लगा इतने दिनों से भूख लगी थी चलो इस खरगोश से मेरी भूख थोड़ी तो कम होगी शेर जैसे ही उसे खाने वाला था तभी उसे एक हिरण दिखाई दिया। अब शेर ने सोचा लगता है आज अच्छा दिन है मैं इस हिरण को ही खाऊँगा जिससे मेरा पेट भर जाएगा।

शेर ने खरगोश को छोड़ दिया और हिरण के पीछे दौड़ा पर देखते ही देखते हिरण भी वहाँ से गायब हो गया। शेर को फिर से भूखे रहना पड़ा क्योंकि खरगोश भी अब वहाँ से जा चुका था।

**कहानी से सीख :** ज़्यादा लालच करने से कुछ नहीं मिलता जितना है, उसमे संतोष करना चाहिए।

1. किसे बहुत भूख लगी थी?

   *लड़के को  *एक शेर को  *राजा को  *सिपाही को

2. खाने की तलाश में शेर कई दिनों से कहाँ भटक रहा था?

   *पहाड़ों में  *गाँव में

   *शहर में  *जंगल में

3. शेर किस पर टूट पड़ा?

   *खरगोश पर  *हाथी पर

   *बंदर पर  *बूढ़े आदमी पर

4. खरगोश को खाने के बाद शेर किसे खाना चाहता था?

   *बकरी को  *हिरण को  *शिकारी को  *छोटे बच्चे को

5. क्या करने से कुछ नहीं मिलता है?

   *नखरे  *ज़्यादा लालच  *रोने से  *पागलपन

प्रश्न 2. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5

राहुल एक अच्छा लड़का था। बस उसे एक ही बुरी आदत थी कि वह बहुत मीठा खाता था| मिठाई और चॉकलेट उसे बहुत पसंद थीं। उसकी माँ हमेशा उससे कहती, "राहुल इतना अधिक मीठा मत खाया करो। तुम्हारे दाँत खराब हो जाएँगे|" इसी कारण माँ ने सभी चॉकलेट-टॉफियों को एक जार में छिपाकर रख दिया, ताकि राहुल अधिक मीठा न खा पाए| उस जार का मुँह छोटा-सा था और वह मज़बूती से बंद था|

एक दिन राहुल की माँ बाज़ार गई हुई थीं। मौका देखकर राहुल रसोई में गया और उसने उसे जार को उठा लिया बहुत प्रयास करने के बाद उसने जार का ढक्कन खोला और जार के मुँह में हाथ डाल दिया| फिर उसने मुट्ठी में टॉफी-चॉकलेट भर ली और हाथ बाहर निकलने लगा| लेकिन उसका हाथ उसमें फँस गया| वह अपना हाथ बाहर निकालने की कोशिश कर ही रहा था कि उसकी माँ वापस आ गई| उसकी हालत देखकर माँ ने कहा, "राहुल, तुमने अपने हाथ में बहुत सारी टॉफी-चॉकलेट ली हुई हैं| बस एक चॉकलेट लो और बाकी को वहीं जार में वापस रखो| तभी तुम अपने हाथ को बाहर निकाल पाओगे|" राहुल ने वैसा ही किया| इसके बाद उसने अपना हाथ आसानी से बाहर निकाल लिया। अब उसे अपनी गलती समझ आ गई थी|

1. राहुल की बुरी आदत क्या थी?
   ∗झूठ बोलता था ∗बहुत मीठा खाता था
   ∗चोरी करता था ∗गृहकार्य नहीं करता था
2. राहुल की माँ उसे हमेशा क्या कहती थी?
   ∗अधिक मीठा न खाने के लिए
   ∗समय पर उठने के लिए
   ∗अनुशासन का पालन करने के लिए
   ∗बड़ों का सम्मान करने के लिए
3. माँ ने सभी चॉकलेट-टॉफियों को कहाँ छिपाकर रख दिया?
   ∗अलमारी में ∗संदूक में ∗एक जार में ∗फ्रिज में
4. राहुल की माँ कहाँ गई थीं?
   ∗विद्यालय ∗बाज़ार ∗सिनेमाघर ∗अपनी माँ के घर
5. राहुल ने मुट्ठी में क्या भर लिया था?
   ∗किशमिश ∗काजू ∗बादाम ∗टॉफी-चॉकलेट

## Section - B (Grammar)

प्रश्न 3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 8

(i) दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-
∗भनडार ∗भंडार ∗भदारं

(ii) दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए-
∗सुँदरता ∗सून्द्ररता ∗सुंदरता

(iii) 'जिसके अंदर साहस हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए-

*कामचोर *साहसी *आलसी

(iv) 'विद्यालय में पढ़ानेवाली' वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए-

*गायिका *नायिका *शिक्षिका

(v) दिए गए वाक्य में विशेषण चुनिए- खेत के पीछे बड़ा तालाब है|

*खेत *बड़ा *पीछे

(vi) दिए गए वाक्य में विशेषण चुनिए- वह जंगल से लाल फूल तोड़कर लाया है|

*तोड़कर *लाया *लाल

(vii) दिए गए वाक्य में संज्ञा शब्द चुनिए- रतन आज विद्यालय नहीं गया|

*नहीं *विद्यालय *गया

(viii) दिए गए वाक्य में संज्ञा शब्द चुनिए- आज बहुत गरमी हैं|

*गरमी *बहुत *आज

प्रश्न 4. (i) दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर लिखिए| 3

क. वह बहुत तेज़ दौड़ता है|

ख. उसने गृहकार्य कर लिया है।

ग. मैं कक्षा छह का छात्र हूँ|

(ii) वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए| 3

क. प्रिया ........ अपनी सहेली ........ उपहार दिया|

ख. मोहन बाज़ार ........ मिठाई लाया|

| |
|---|
| को, से,<br>ने, में |

प्रश्न 5. (i) किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए| 4

सुखी, सत्य, नामंज़ूर, बुरी, अमीर

(ii) शब्दों को उनके सही पर्यायवाची शब्दों से मिलाकर फिर से लिखिए | 4

| | | |
|---|---|---|
| क. तरु | ---- | नवीन, नव |
| ख. चंद्रमा | ---- | वन, कानन |
| ग. नया | ---- | वृक्ष, पेड़ |
| घ. जंगल | ---- | चाँद, चंद्र |

प्रश्न 6. (i) प्रत्यय और मूल शब्दों से शब्द बनाइए| 4

धन + वान, मित्र + ता, चित्र + कार, राष्ट्रीय + ता

(ii) दिए गए मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए| 4

क. नाक में दम करना ख. फूला न समाना

ग. आग बबूला होना घ. उल्लू बनाना

| |
|---|
| मूर्ख बनाना, बहुत खुश होना,<br>परेशान करना, बहुत क्रोधित होना |

## Section – C (Literature)

प्रश्न 7. (i) किन्हीं चार अंग्रेज़ी शब्दों के हिंदी अर्थ लिखिए- 4

Education, Festival, Dance, Beauty, Best friend

(ii) किन्हीं चार शब्दों से वाक्य बनाइए | (Make sentences) 4

हार-जीत, दोस्ती, कसरत, तट, सागर

प्रश्न 8. (i) सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option* ----- 5

1. समीर को मैदान में क्या दिखा?

   *बिच्छू *साँप *केकड़ा *तितली

2. श्रीफल का भंडार कहाँ है?

   *केरल *मुंबई *दिल्ली *गुजरात

3. समीर ने कितने रन बनाए थे?

   *निन्यानवे *सत्रह *बीस *साठ

4. केरल का नृत्य कौन-सा है?

   *गरबा *बीहू *कथकली *पंजाबी

5. दोनों स्कूलों के बीच कितने दिवसीय मैच चल रहा था?

   *पाँच दिवसीय *चार दिवसीय

   *तीन दिवसीय *दस दिवसीय

(ii) सही ( √ ) या गलत ( X ) बताइए| 3

1. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों के घर अलग-अलग गाँव में थें|
2. चित्रा दीदी दसवीं कक्षा में पढ़ती थीं|
3. रामास्वामी और श्रीधरण दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थें|

प्रश्न 9. वाक्यों को पढ़कर उत्तर लिखिए- (Who said to whom) 4

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| 1. सदैव हँसने–मुसकरानेवाले आज चुपचाप क्यों हैं ? | ................. | ................. |
| 2. वाह दोस्त! कमाल कर दिया| | ................. | ................. |
| 3. यह तो हमने कभी सोचा ही नहीं| | ................. | ................. |
| 4. मुझे माफ़ कर दो, दोस्त! | ................. | ................. |

प्रश्न 10. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए| 3×1=3

1. कैच किसने लिया था?
2. तिरुअनंतपुरम कहाँ की राजधानी है?
3. केरल का प्रसिद्ध बंदरगाह कौन-सा है?
4. जूते में बिच्छू किसने डाल दिया था?
5. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण को कितने बजे अपने घर बुलाया?

प्रश्न 11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक से दो पंक्तियों में दीजिए | 2×2=4

1. समीर बहुत अधिक दुखी क्यों था?
2. चित्रा दीदी ने रामास्वामी और श्रीधरण से क्या पूछा ?
3. रामास्वामी ने क्या समस्या बताई?
4. समीर के पिता ने उसे क्या समझाया?

प्रश्न 12. किसी एक प्रश्न का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में दीजिए | 1×3=3

1. चित्रा दीदी ने समस्या का हल कैसे खोजा?
2. जब कभी दोस्तों का झगड़ा हो जाता है तो आप उसे कैसे सुलझाते हैं?
3. खेल-भावना से खेलना क्यों ज़रूरी होता है?

## Section – D (Writing)

प्रश्न 13. किसी एक विषय पर 50 से 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 5

मेरी प्रिय अध्यापिका, मेरा प्रिय फल, सुबह की सैर

प्रश्न 14. किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए| 5

लंदन डेयरी आइसक्रीम, गैलेक्सी चॉकलेट

..................................................................